भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1869

उत्तर देने की तारीख 28.07.2022

राष्ट्रीय ध्वज का विनिर्माण

1869. श्री के. षणमुग सुंदरमः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने खादी के बजाय पॉलिएस्टर में राष्ट्रीय ध्वज के विनिर्माण की अनुमति दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार का इस संबंध में राष्ट्रीय ध्वज संहिता को संशोधित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) और (ख): गृह मंत्रालय ने अपने दिनांक 30.12.2021 के आदेश के माध्यम से भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को संशोधित किया है। पॉलिएस्टर से बने राष्ट्रीय ध्वज या मशीन से निर्मित ध्वजों को अनुमति दी गई है। अब, भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से कता और हाथ से बुना या मशीन निर्मित, सूती/पॉलिएस्टर/ऊन/रेशम खादी ध्वजपट से बनाया जाएगा। दिनांक 30.12.2021 का संशोधित आदेश सं. 02/01/2020 सार्वजनिक (भाग-III) और अद्यतित भारतीय ध्वज संहिता, 2002 गृह मंत्रालय की वेबसाइट www.mha.gov.in पर उपलब्ध है।

*****